NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH
Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : NCRES/75/21 Date 10.9.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– आगरा मण्डल के मेन लाइन 'A' Class गतिमान रूट में इंजीनियरिंग विभाग की सभी यूनिटो में JE/Pway की रिक्तियों को भरे जाने व प्रत्येक पीवे डिपो में JE (Store) की पोस्टिंग करने एवं कोसीकला स्टेशन पर IOW पदस्थ करने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– मुख्यालय का पी.एन.एम. मद संख्या 10/8/2013

महोदय,

आगरा मण्डल के मेन लाइन, 'A' Class गतिमान रूट में, JE/Pway की रिक्तियां कई यूनिटो में लम्बे अरसे से चली आ रही है जिससे कार्यरत इंजीनियरिंग स्टाफ को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ियों की संख्या, गति एवं हैवी एक्सल लोड के कारण रेल पथ के अच्छे रखरखाव हेतु प्रत्येक LWR यूनिट में JE/Pway की नियुक्ति किया जाना अति आवश्यक है।

आगरा मण्डल के कुछ सेक्सनो में JE/SSE (PWay) को तीसरी एवं चौथी लाइन के देखभाल के साथ–साथ आगरा, बाद एवं मथुरा जैसे– बड़े–बड़े यार्डो का कार्य भी देखना पड़ता है जिससे उन्हें निर्धारित ETKM से बहुत ज्यादा कार्य करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त एस.एस.ई/पीवे (इंचार्ज) के पास करोड़ो रूपये के स्टोर का भी भार होता है, और उसके देखभाल के लिये अलग से कोई JE पोस्ट न किये जाने के कारण वे अत्यधिक तनाव में रहते है, व आये दिन गम्भीर बीमारियों का शिकार होते रहते है।

कर्मचारियों की उपरोक्त परेशानियों को देखते हुये NCRES द्वारा पी.एन.एम. के मद संख्या 10/8/2013 के माध्यम से मुद्दा उठाया गया जिसपर 3/4 अगस्त 2016 के PNM बैठक में निर्णय हुआ था कि PWay स्टोर में JE की पोस्टिंग की जायेगी लेकिन खेद का विषय है कि अभी तक सभी डिपो पर JE (Store) की पोस्टिंग नही हुई जिसके कारण कर्मचारी अत्यधिक तनाव में कार्य करने के लिये विवश है व उनमें घोर असंतोष व्याप्त है।

यह भी अवगत कराना है कि कोसीकला स्टेशन पर IOW की पोस्ट लगभग 3 वर्षो से रिक्त पड़ी है जिससे रेल आवासो का रख–रखाव एवं मरम्मत आदि नही होने से कर्मचारी असुरक्षित आवासो में रहने को विवश है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि –

(1) 'A' Class गतिमान रूट की सभी यूनिटो में JE की रिक्तियां अविलम्ब भरी जाय।

(2) NCRES के PNM आइटम संख्या 10/8/2013 पर हुये निर्णय के अनुसार प्रत्येक डिपो में JE/Store की पोस्टिंग की जाय।

(3) कोसीकलां स्टेशन पर IOW के रिक्त पद को जल्द भरा जाय ताकि आवासो का रख–रखाव ठीक ढ़ंग से हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री